1021
16/2/13

[redacted] विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

खण्ड–2 संख्या–21

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## ( भाग–1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

सत्यमेव जयते

**दिनांक : 27 जून, 1995 ई०**

किया जा चुका है कि प्रश्नाधीन विद्यालय के अधूरे भवन निर्माण को जिला विकास मद या अन्य मदसे पूरा करा दें।

## शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

***1934. श्री यदुवंश सिंह** : क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखंड अन्तर्गत केबाल वरियता ग्राम में वर्ष, 1990 में कन्या मध्य विद्यालय की स्वीकृति दी गई है, किन्तु अभी तक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है। जिससे बच्चों के पठन-पाठन का कार्य अवरूद्ध हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

**श्री जयप्रकाश नारायण यादव** : 1. जिला शिक्षा अधीक्षक मुंगेर से सूचना की मांग की गई है।

विभागीय पत्रांक 607 दिनांक 23.6.95 के द्वारा प्रश्नाधीन विद्यालय में स्वीकृत इकाई पर शिक्षक के पदस्थापन का आदेश जिला शिक्षा अधीक्षक मुंगेर को दे दिया गया है।

## महाविद्यालय भवन का निर्माण

***1935. श्री रामावतार** : क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज पोलिटेकनिक कॉलेज की पढ़ाई संस्कृत हाई स्कूल, गोपालगंज में कराई जा रही है?
2. यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार पोलिटेकनिक कॉलेज के लिए भवन का निर्माण का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?